# FIRST INFORMATION REPORT
## (Under Section 173 B.N.S.S)

## प्रथम सूचना रिपोर्ट
## (धारा 173 बी एन एस एस के तहत)

1. **District (जिला):** State Vigilance & Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Panchkula **Year (वर्ष):** 2025

**FIR No. (प्र.सू.रि. सं.):** 0017 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 07/12/2025 20:16 hrs

2.

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7 |
| 2 | PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 | 7A |
| 3 | THE BHARATIYA NYAYA SANHITA (BNS), 2023 | 308(2) |
| 4 | THE BHARATIYA NYAYA SANHITA (BNS), 2023 | 61 |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** Intervening Days **Date from (दिनांक से):** 05/12/2025 **Date To (दिनांक तक):** 07/12/2025

**Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** 00:00 hrs **Time To (समय तक):** 18:30 hrs

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 07/12/2025 **Time (समय):** 19:23 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 006 **Date and Time (दिनांक और समय):** 07/12/2025 19:23 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** SOUTH-EAST, 3 Km(s) **Beat No. (बीट सं.):**

**(b) Address (पता):** E O WING सैक्टर-12 पंचकुला ।,

**(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):**

**District (State) (जिला (राज्य)):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** श्री नितिन

(b) **Father's Name (पिताका नाम):** स्व0 श्री राजेश कुमार

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 1980 (d) **Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की दिनांक):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))**

| S. No. (क्र.सं.) | ID Type (पहचान पत्र का प्रकार) | ID Number (पहचान संख्या) |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address (पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | **मकान नम्बर 68-जी, ग्राउंड फलोर, ड्रीम होम, किशनपुरा, ढकौलीSAS NAGAR, PUNJAB, INDIA** |
| 2 | **Permanent Address** | **आसन, ROHTAK, HARYANA, INDIA** |

(j) **Phone number (दूरभाष सं.):** **Mobile (मोबाइल सं.):** 91-9068134567

7. **Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):**

| S. No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Present Address(वर्तमान पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पारस नामक प्राईवेट व्यक्ति | | | 1. नामालुमपता, PANCHKULA,HARYANA,INDIA |
| 2 | उप निरीक्षक जोरा सिंह | | | 1. E O WING सैक्टर-12 पंचकुला I, PANCHKULA,HARYANA,INDIA |
| 3 | नरेन्द्र सिंह नाम के कर्मचारी | | | 1. E O WING सैक्टर- 12 पंचकुला I, PANCHKULA,HARYANA,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):**

| S. No. (क्र.सं.) | Propertty Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

10. **Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):**

11.

**Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):**

| S. No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.) |
|---|---|

**12.** **First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):**

नकल लेख इस प्रकार से है

सेवा में,
एस.पी. साहब
स्टेट विजिलैंस पंचकुला।
श्रीमान जी,

मैं नितिन पुत्र स्व. श्री राजेश कुमार वासी गांव आसन जिला रोहतक का रहने वाला हुं और अब मकान नम्बर 68-जी., ग्राउंड फलोर, ड्रीम होम, किशनपुरा, ढकौली में किराये के मकान पर रहता हुं और मेरा मकान मैनटेनैंस का काम है। दिनांक 05.12.2025 को मैं अपनी गाड़ी से जीन्द से पंचकुला आ रहा था तो रास्ते में मेरे मोबाईल फोन नम्बर 9068134567 पर पारस नाम के व्यक्ति के मोबाईल फोन नम्बर 9779115214 से कॉल आई और पारस ने मुझे बताया कि E.O Wing सैक्टर-12, पंचकुला पुलिस ने लोन फ्रॉड के एक केस में अभिषेक नाम के एक व्यक्ति व मेरे दोस्त राहुल अग्रवाल वासी सिटी हाईटस, पीर मुछल्ला, ढकौली, जिला मोहाली को उठाया हुआ है। पारस ने यह भी बताया कि वह राहुल के पास है और केस का I.O सब इन्सपैक्टर जोरा सिंह है। जिसने कहा है कि अगर राहुल 7 लाख रुपये दे देता है तो उसके खिलाफ ढीला केस बनाकर उसकी मदद कर दी जायेगी, जिससे वह जल्दी छुट जायेगा और उससे मारपीट भी नही की जायेगी। अगर 7 लाख रुपये नहीं दिये गये तो राहुल के खिलाफ कई केस ओर दर्ज किये जायेंगे। पारस ने अपने फोन से ही राहुल से भी मेरी बात करवाई, जिसने मेरे से जैसे-तैसे करके भी 7 लाख रुपये पारस के माध्यम से जोरा सिह को देने बारे कहा। मैनें उस समय पारस को गोल-मोल जवाब देकर टाल दिया था पर वह बार-2 मेरे पास फोन करता रहा और राहुल से भी बात करवाता रहा। जिस पर मैं कल E.O Wing सैक्टर-12, पंचकुला में गया, जहां पारस ने मुझे राहुल से मिलवाया, जो पुलिस की हिरासत में था, जिसने मुझे बताया कि उसने पारस के फोन से कई ओर जानकारो को भी रुपयों का इंतजाम करने बारे कहा है ताकि 7 लाख रुपये पुलिस को दिये जा सके और मेरे से बाद में वापिस करने का वादा करते हुये 1.50/2 लाख रुपयों का इंतजाम करके पारस को देने बारे कहा। पारस ने मुझे I.O जोरा सिंह से भी मिलवाया जिसने बाहर जाकर पारस से सैटिंग करने बारे कहा। पारस के बार-बार दबाव देने पर मैने कल 50 हजार रुपये E.O Wing के बाहर जाकर पारस को दे दिये, जिसने मेरे सामने ही अन्दर जाकर नरेन्द्र सिंह नाम के कर्मचारी को दे दिये थे। उसके बाद पारस ने मेरे से कहा कि मैं सिर्फ 3 लाख रुपये में राहुल की सैटिंग करवा रहा था, जिसने मेरी बात नही मानी और इसे अब 7 लाख रुपये देने पड़ेगें। जिसमें से राहुल के उपर रिकवरी लगाई जायेगी और बाकी पुलिस की रिश्वत होगी। मैने और रुपए देने में मजबूरी दिखाई तो पारस ने किश्तों में करके 1.50/2 लाख रुपए देने को कहा जिसमें से आज पारस ने मुझे 75,000/- रुपयें लेकर बुलाया हुआ है। राहुल के पिता जी एक/डेढ़ महीना पहले गुजरे है और मुझे उसके साथ यह नाइंसाफी ठीक नही लग रही और मैं पुलिस व पारस को यह रिश्वत नही देना चाहता और इन्हें रंगे हाथो पकड़वाना चाहता हुं। मैने पारस की रिर्काडिंग भी की हुई है, जो मैं आपको बाद में पेश कर दूंगा। कानूनी कार्यवाही की जाये।

SD NITIN HOODA
नितिन पुत्र स्व. श्री राजेश कुमार
वासी गांव आसन जिला रोहतक
मोबाईल नम्बर-9068134567
7-12-25

कार्यवाही पुलिसः- आज मन निरीक्षक हाजिर मुख्यालय रा.चौ एवं भ्र.नि.ब्यूरो, पंचकूला था कि शिकायतकर्ता नितिन पुत्र स्व. श्री राजेश कुमार वासी गांव आसन जिला रोहतक हाल मकान नम्बर 68-जी., ग्राउंड फलोर, ड्रीम होम, किशनपुरा, ढकौली मोहाली ने एक टाईपशुदा दरखास्त बाबत मांगने रिश्वत विरूद्ध उप निरीक्षक जोरा सिंह E.O Wing सैक्टर-12, पंचकुला व पारस नामक प्राईवेट व्यक्ति के दी व इस दरखास्त के साथ आरोपीयो को बतौर रिश्वत दिये जाने

के लिये अपने पास से 500/500 रूपये वाले कुल 150 करंसी नम्बरी नोट, कुल 75,000/-रूपये राशि के पेश किये। जिस बारे उच्च अधिकारियो से विचार-विर्मश करके राजपत्रित अधिकारी/स्वतंत्र गवाह नियुक्त करवाया गया व रेडिंग पार्टी तैयार की गई, जिसमें मन निरीक्षक मय निरीक्षक अमित कुमार, स.उ. नि. राजेन्द्र कुमार 34/पंचकुला, स.उ.नि. जसपाल सिंह न. 1/अम्बाला, स.उ.नि. अंशु कुमार 714/पंचकुला, स.उ.नि. सुरेन्द्र सिंह 168/अम्बाला, स.उ.नि. दर्शन सिंह 341/य.नगर, सिपाही राजन 2757/गुरुग्राम है। जिनको सूचित किये जाने पर श्री प्रवीन कुमार, जिला औषधी नियन्त्रक अधिकारी, पंचकुला बतौर राजपत्रित अधिकारी/स्वतंत्र गवाह हाजिर आये, जिन्होनें सूचित किया कि उनके कार्यालय में कोई कर्मचारी ना होने के कारण वह किसी को साथ नही ला पाये है जो रेड/ट्रैप कार्यवाही में छाया गवाह नियुक्त किया जा सके। जो समय कम होने के कारण स.उ.नि. सुरेन्द्र सिंह को बतौर छाया गवाह नियुक्त किया गया है। शिकायतकर्ता द्वारा पेश किये गये कंरसी नोटो की सूची नोट वा इन्वैन्टरी अलग से तैयार की गई है। जिस पर मैने व राजपत्रित अधिकारी/स्वतंत्र गवाह श्री प्रवीन कुमार, जिला औषधी नियन्त्रक अधिकारी, पंचकुला व छाया गवाह श्री सुरेन्द्र कुमार, सहायक उप निरीक्षक न. 168/अम्बाला थाना रा.चौ. एवं भ्र.नि.ब्यूरो, पंचकुला व शिकायतकर्ता श्री नितिन उपरोक्त ने अपने-2 हस्ताक्षर किये। इसके बाद असल नम्बरी नोटों पर मैंने बुरश के द्वारा फिनोल पैथालीन पाऊडर लगाकर, शिकायतकर्ता श्री नितिन उपरोक्त की जामा तलाशी विधि अनुसार लेकर, सभी करंसी नम्बरी नोट उसके हवाले करके हिदायत की कि वह यह नम्बरी नोट आरोपीयों उ.नि. जोरा सिंह या पारस उपरोक्त में से किसी के द्वारा बतौर रिश्वत राशि मांगने पर उसे दे तथा श्री सुरेन्द्र सिंह, स.उ.नि. उपरोक्त को हिदायत की कि वह शिकायतकर्ता श्री नितिन उपरोक्त व आरोपीयो उ.नि. जोरा सिंह या पारस उपरोक्त के आस-पास रहकर इनके बीच की बातचीत सुने तथा जब आरोपी उ.नि. जोरा सिंह या पारस के बतौर रिश्वत राशि मांगने पर शिकायतकर्ता नितिन उपरोक्त रिश्वत राशि लेने वाले उ.नि. जोरा सिंह या पारस को पाउडर लगे नोट दे दे तो वह अपने सिर पर हाथ फेर कर रेडिंग पार्टी को मुकर्र शुदा ईशारा करे। शिकायतकर्ता को पाउडर लगे करन्सी नोट देकर पूरी रैंडिग पार्टी के हाथ साबुन से धुलवाए गए। फर्द मकबुजगी करंसी नोट, जामा तलाशी, हवालगी करंसी नोट शिकायतकर्ता तथा नियुक्ति छाया गवाह तैयार की गई। जिस पर शिकायतकर्ता व गवाहान ने अपने अपने हस्ताक्षर किये। शिकायतकर्ता नितिन द्वारा उपरोक्त पेश की दरखास्त के सार से अपराध धाराधीन 7, 7A P.C Act 1988 व 61(2), 308(2) BNS का होना पाया जाने पर तहरीर लिखकर तहरीर अभियोग अंकित करवाने के लिए स.उ.नि. दर्शन कुमार न. 341/यमुनानगर को थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, सेक्टर-17, पंचकूला भेजा जा रहा है। अभियोग अंकित करके अभियोग संख्या से सूचित किया जावे तथा स्पैशल रिपोर्ट अभियोग उपरोक्त स्पेशल मैसेन्जर वा ईमेल के माध्यम से स्पैशल जज पंचकुला की सेवा में वा प्रथम सूचना रिर्पोट की प्रतियां उच्च अधिकारीगण की सेवा में भिजवाई जावें। अभियोग की कापी व असल लेख मौका पर भिजवाई जावे। हालात बारे उच्चाधिकारीगण को बजरिया फोन सूचित किया गया है। मन निरीक्षक मय रेडिंग पार्टी, रेडिंग किट व लैपटाप/प्रिन्टर शिकायतकर्ता सहित आईन्दा का होता हूं।

अजः- मुख्यालय रा.चौ. एवं भ्र.नि.ब्यूरो, पंचकुला।

SD SURENDER SINGH

(निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार)

थाना रा.चौ. एवम भ्र.नि.ब्यूरो,

पंचकुला।

दिनांकः 07.12.2025

समयः 6.30 PM

अज थाना- उपरोक्त तहरीर पर अभियोग न0 17 दिनांक 07.12.2025 धारा 7, 7A P.C Act 1988 व 61(2), 308(2) BNS थाना राज्य चौकसी एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, सैक्टर-17 पंचकुला अंकित करके स्पैशल रिपोर्ट ई. मेल के माध्यम से स्पैशल मैजीस्ट्रेट साहब, पंचकुला की सेवा में व उच्च अधिकारियों की सेवा में भिजवाई जा रही है । असल तहरीर व अभियोग की पुलिस फाईल बादस्त ASI दर्शन सिंह 341/यमुनानगर के अनुसंधान अधिकारी के पास मौका पर भेजी जा रही है । इन्द्राज रिकार्ड विधि अनुसार किया गया।

13. **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
**(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):**

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):** / **or ( या)**

(2) **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** surender singh **Rank (पद):** I (Inspector)

**No. (सं.):** 6pkl **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

(3) **Refused investigation due to (जांच के लिए):** **or (के कारण इंकार किया या)**

(4) **Transferred to P.S. (थाना):** **District (ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).**

**F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)**

**R.O.A.C.**
**(आर.ओ.ए.सी.)**

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name (नाम):** PANKHURI KUMAR

**Rank (पद):** ACP (Assistant Commissioner of Police)

**No. (सं.):** HPS

**14. Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

**15. Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

Error: Subreport could not be shown.